Bareilly, Wednesday,
6 May 2020
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- 2/-
Outside Bareilly City.- 3/-
Pages 8

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO. 01 : MIDDLE

जुलाई में होंगी जेईई मेंस और नीट की परीक्षाएं

एचआरडी मिनिस्टर ने किया ऐलान, 18-23 जुलाई को जेईई मेंस और 26 जुलाई को होगी नीट परीक्षा

NEW DELHI (5 May, Agency): कोरोनावायरस और लॉकडाउन के बीच कांप्टीटिव एग्जाम की तैयारियों में जुटे लाखों स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है. इंजीनियरिंग और मेडिकल लाइन में करियर की राह दिखाने वाले जेईई मेंस और नीट एग्जाम की तारीख का ऐलान हो गया है. एचआरडी मिनिस्टर रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को घोषणा की कि जेईई-मेंस परीक्षा 18-23 जुलाई तक होगी, जबकि नीट परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित होगी. कंप्लीट लॉकडाउन के कारण ये दोनों परीक्षाएं टाल दी गई थीं.



15 लाख रजिस्ट्रेशन

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के मुताबिक, इन दोनों परीक्षाओं के लिए करीब 15 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है. अधिकारियों ने कहा कि एग्जाम सेंटर्स पर पहले भी छात्र दूर-दूर बैठते थे, जो सोशल डिस्टेंसिंग जैसा ही था. ऐसे में सेंटर्स की संख्या पर बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ेगा. वहीं, मिनिस्ट्री के अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा करवाने के लिए गाइडलाइंस लगभग तैयार हैं. इनकी घोषणा शुक्रवार को संभव है.

एक अगस्त से नया सेशन

एचआरडी मिनिस्टर के पहले संवाद में स्टूडेंट्स और पैरेंट्स के साथ टीचर्स भी जुड़े थे. दूसरे संवाद में सिर्फ छात्रों को ही चुना गया. इस दौरान एचआरडी मिनिस्टर ने सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा के लंबित विषयों की परीक्षा पर जल्द ही निर्णय किया जाएगा. उन्होंने छात्रों को दीक्षा पोर्टल का उपयोग करने की सलाह दी. जब एक छात्र ने पूछा कि कॉलेज कब खुलेंगे तब निशंक ने कहा कि यूजीसी कैलेंडर में एक जुलाई से कॉलेज की परीक्षा आयोजित करने और अगस्त में नया सेशन शुरू करने का सुझाव दिया है. उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण शेड्यूल देर से शुरू होगा.इसलिए राज्य बोर्ड को सेशन शुरू करने के लिए कोर्स को कम करने के लिए कहा है.